# पत्र-लेखन

## कक्षा - 10

**5 अंक**

शिखा माथुर


# पत्र-लेखन की आवश्यकता

पत्र-लेखन के माध्यम से हम अपने भावों और विचारों को व्यक्त कर सकते हैं।

पत्रों के माध्यम से एक व्यक्ति अपनी बातों को लिखकर दूसरों तक पहुँचा सकता है।

जिन बातों को लोग कहने में हिचकिचाते हैं, उन बातों को पत्रों के माध्यम से आसानी से समझाया या कहा जा सकता है।

शिखा माथुर


पत्रों का वर्गीकरण
औपचारिक पत्र
अनौपचारिक पत्र
प्रार्थना पत्र
कार्यालयी पत्र
व्यावसायिक-पत्र
अवकाश
शिकायत
सुधार
आवेदन
डाक अधीक्षक
समाचार पत्र के सम्पादक
परिवहन विभाग
थाना प्रभारी
स्कूल प्रधानाचार्य
दुकानदार
प्रकाशक
व्यापारी
कंपनी

# औपचारिक-पत्र लिखते समय ध्यान देने योग्य बिंदु



- औपचारिक-पत्र नियमों में बंधे हुए होते हैं।
- इस प्रकार के पत्रों में भाषा का प्रयोग ध्यानपूर्वक किया जाता है। इसमें अनावश्यक बातों (कुशल-मंगल समाचार आदि) का उल्लेख नहीं किया जाता।
- पत्र का आरंभ व अंत प्रभावशाली होना चाहिए।
- पत्र की भाषा-सरल, लेख-स्पष्ट व सुंदर होना चाहिए।
- यदि आप कक्षा अथवा परीक्षा भवन से पत्र लिख रहे हैं, तो कक्षा अथवा परीक्षा भवन (अपने पता के स्थान पर) तथा क० ख० ग० (अपने नाम के स्थान पर) लिखना चाहिए।
- पत्र को एक पृष्ठ में ही लिखने का प्रयास करना चाहिए ताकि तारतम्यता/लयबद्धता बनी रहे।
- प्रधानाचार्य को पत्र लिखते समय प्रेषक के स्थान पर अपना नाम, कक्षा व दिनांक लिखना चाहिए।

# पत्र-लेखन का प्रारूप (प्रधानाचार्य को)

दिनांक -
सेवा में,
प्राचार्य जी
च छ ज स्कूल
दिल्ली |

Leave a line

विषय: ..........................................हेतु |

Leave a line

महोदय,

**(1 para)** निवेदन है कि .................................... (परिचय)

**(2 para)** ................ (जिस बात के लिए आप पत्र लिख रहे हैं उसका वर्णन )

**(3 para)** अतः आपसे अनुरोध है कि ..................

Leave a line

धन्यवाद
आपका आज्ञाकारी शिष्य / आपकी आज्ञाकारिणी शिष्या
क ख ग
कक्षा – 10 अ

Note: प्रधानाचार्य को भेजने वाले का पता नहीं लिखा जाता है |

शिखा माथुर

## अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति (scholarship) पाने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए |

दिनांक - X/XX/2020
सेवा में,
प्राचार्य जी
च छ ज स्कूल
दिल्ली |

विषय: छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु |

महोदय,

निवेदन है कि मैं दसवी कक्षा का छात्र हूँ और आपसे छात्रवृत्ति की प्रार्थना कर रहा हूँ |

**मैं एक होनहार छात्र हूँ | पढ़ाई और खेलकूद में मैंने कई पुरस्कार प्राप्त किए है | मेरे पिताजी की मासिक आय बहुत कम है और आय का कोई दूसरा साधन भी नहीं है | कमज़ोर आर्थिक स्थिति होने के कारण मेरी पढ़ाई में बाधा आ रही है |**

अतः आपसे अनुरोध है कि मुझे आपके विद्यालय से छात्रवृत्ति प्रदान की जाए ताकि मैं अपने भविष्य को संवार सकूँ |

धन्यवाद
आपका आज्ञाकारी शिष्य / आपकी आज्ञाकारिणी शिष्या
क ख ग
कक्षा – 10 अ

## विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फ़ूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए |

दिनांक - X/XX/2020

सेवा में,

प्राचार्य जी

च छ ज स्कूल

दिल्ली |

विषय: जंक फ़ूड पर प्रतिबंध लगवाने हेतु |

महोदय,

निवेदन है कि मैं कक्षा 10 का छात्र हूँ और आपका ध्यान विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फ़ूड बेचे जाने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ |

**अकसर मध्यावकाश में हमारे विद्यालय के छात्र इन रेहड़ी वालों से जंक फ़ूड खाने जाते हैं जिससे उनकी सेहत खराब हो रही है | मेरी कक्षा के कुछ छात्र तो बीमार भी हो गए है | जिस कारण उनकी पढाई का बहुत नुकसान हुआ है |**

अतः आपसे अनुरोध है कि आप ठेले और रेहड़ी वालों के द्वारा जंक फूड बेचे जाने पर प्रतिबंध लगवाएँ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा दें |

धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी शिष्य / आपकी आज्ञाकारिणी शिष्या

क ख ग

कक्षा – 10 अ

# शिकायती/संपादकीय/व्यावसायिक/कार्यालयी – पत्र का प्रारूप

परीक्षा भवन
अबस नगर |
दिनांक-

} भेजने वाले का पता

Leave a line

अधिकारी
विभाग
अबस नगर |

} पाने वाले का पता

Leave a line

विषय - ---------------------हेतु/संदर्भ में/संबंध में |

Leave a line

महोदय,

Para 1 – (परिचय)

Para 2 – (समस्या का उल्लेख / पत्र लिखने का कारण)

Para 3 – समापन / आशा करता हूँ कि आप इस पर उचित कार्यवाही करेंगे ----

धन्यवाद
भवदीय
क ख ग

**नोट**:

स्वास्थ्य अधिकारी → स्वास्थ्य विभाग

विद्युत् अधिकारी → विद्युत् विभाग

डाकपाल → डाकघर

प्रबंधक → विभाग

संपादक → न्यूज़पेपर का नाम )

मंत्री → मंत्रालय

## आप हज़ारीबाग़ के रहने वाले रमेश है | हजारीबाग की सड़कों की दुर्दशा पर खेद और चिंता प्रकट करते हुए नगर पालिका को पत्र लिखिए |

मकान # 3,
हज़ारीबाग़
दिल्ली |

दिनांक-x/xx/2020

नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका
दिल्ली |

विषय - सड़कों की दुर्दशा के संदर्भ में |

महोदय,

मैं हजारीबाग का निवासी हूँ और सड़कों की दुर्दशा पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ |

**हज़ारीबाग़ की सड़कों पर बीच-बीच में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, इससे आए दिन दुर्घटनाएँ घटती रहती है | गड्ढ़ों में जल-जमाव हो जाता है, जिस कारण कई बीमारियाँ पनप रहीं हैं | अब यह हम सभी के लिए चिंता का विषय हो गया है |**

आशा करता हूँ कि आप इस पर उचित कार्यवाही करेंगे और शीघ्र ही मजदूरों को भेज सड़क की मरम्मत करवाएंगे |

धन्यवाद
भवदीय
रमेश

# मनीऑडर खो जाने की शिकायत करते हुए नई दिल्ली के डाकपाल को पत्र लिखिए –

3, रामनगर
नई दिल्ली
दिनांक- x/xx/2020

डाकपाल
रामनगर डाकघर
नई दिल्ली |

विषय – मनीऑडर खो जाने की शिकायत हेतु |

महोदय,

मैं रामनगर का रहने वाला निवासी हूँ और मनीऑडर खो जाने की शिकायत करना चाहता हूँ |

मैंने दो मार्च को अपने मित्र को 10 हजार रुपये का मनीऑडर राम नगर डाकघर से करवाया था | लगभग दो माह बीत चुके है लेकिन वह मनी ऑर्डर न तो मेरे मित्र को मिला है और न ही मेरे पास लौटकर आया है | मनीऑडर की रसीद नं. xxxxx है |

आपसे अनुरोध है कि इस विषय पर उचित कार्यवाही करें और मुझे सूचित करें |

धन्यवाद |
भवदीय
कखग

# परिवहन मंत्रालय को अपने क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन (बस सेवा) की अधिक आवृत्ति (frequency) के लिए एक पत्र लिखें।

3, रामनगर
दिल्ली |
दिनांक- x/xx/2020

परिवहन मंत्री
परिवहन मंत्रालय
दिल्ली |

विषय: सार्वजनिक परिवहन सेवा की आवृत्ति बढ़वाने हेतु |

महोदय जी,

मैं दिल्ली का रहने वाला निवासी हूँ | बसों की आवृत्ति बढ़ाने के लिए यह पत्र लिख रहा हूँ |

**पिछले कुछ वर्षों में हमारे क्षेत्र में चलने वाली दिल्ली परिवहन सेवा की बसों की संख्या में भारी गिरावट आई है। वर्तमान बसें भी अच्छी स्थिति में नहीं हैं। ड्राइवरों को उन वाहनों को चलाना जोखिम भरा लगता है। परिणामस्वरूप लोग अपने वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जिस कारण ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है |**

आपसे अनुरोध है कि बसों के फेरे बढ़ाकर जनता की इस समस्या का समाधान करें |

धन्यवाद |
भवदीय
कखग, सचिव – रामनगर सोसाइटी

# दूरदर्शन के कार्यक्रमों की गुणवत्ता में आती गिरावट की ओर ध्यानाकर्षित कराते हुए दूरदर्शन के महानिदेशक को पत्र लिखिए।

3, रामनगर
दिल्ली |
दिनांक- x/xx/2020

महानिदेशक महोदय,
दूरदर्शन केंद्र
दिल्ली |

विषय - दूरदर्शन के कार्यक्रमों की गुणवत्ता में आती गिरावट के संबंध में |

महोदय,

मैं आपका ध्यान दिल्ली दूरदर्शन पर प्रसारित कार्यक्रमों की गुणवत्ता में निरंतर आती गिरावट की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ।

दिल्ली दूरदर्शन मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धन की दुनिया में अपनी एक विशेष पहचान रखता है जिसे देशभर के लोग अत्यंत चाव से देखते हैं। दुर्भाग्य से इधर कुछ दिनों से दिल्ली दूरदर्शन अपने लक्ष्य से भटक गया है और अन्य चैनलों की नकल तथा आर्थिक पक्ष को अधिक महत्त्व देने के कारण इसके कार्यक्रमों में निरंतर गिरावट आती जा रही है, जिसका बालकों एवं किशोर मन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन कार्यक्रमों में हिंसा, अश्लीलता, रोना-धोना, मार-पीट होना आम बात है।

अतः आपसे प्रार्थना है कि ऐसे कार्यक्रमों का प्रसारण करवाने की कृपा करें जिनसे ज्ञानवर्धन और स्वस्थ मनोरंजन हो और जिन्हें परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर देख सकें।

धन्यवाद
भवदीय
क ख ग

# शिक्षा प्रणाली में सुधार और पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

3, रामनगर
दिल्ली |
दिनांक- x/xx/2020

संपादक महोदय
अमर उजाला
दिल्ली |

विषय - शिक्षा प्रणाली में सुधार और नैतिक शिक्षा की आवश्यकता के संदर्भ में |

महोदय,

मैं दिल्ली का निवासी हूँ और आपके समाचार-पत्र के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्रणाली की कमियों और नैतिक शिक्षा की आवश्यकता की तरफ सरकार और संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ।

हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली को उपयुक्त नहीं कहा जा सकता है। यह प्रणाली छात्रों को विद्यालय लाने में तो सफल रही है पर शिक्षा की गुणवत्ता में भरपूर गिरावट भी लाई है। शिक्षा रटंत प्रणाली पर टिकी हुई है परिणामस्वरूप बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास नहीं हो रहा है | शिक्षा प्रणाली में सुधार की बहुत आवश्यकता है जिससे छात्र एक योग्य नागरिक बन सके |

अतः आपसे प्रार्थना है कि आप मेरे इस पत्र को अपने समाचार-पत्र में शामिल करें ताकि सरकार, अभिभावक और छात्रों का ध्यान इस ओर जाए और वे सुधार के लिए उचित कदम उठा सकें |

धन्यवाद
भवदीय
क ख ग (जागरूक नागरिक)

# अपने बैंक के प्रबंधक को पत्र लिखकर अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने का अनुरोध कीजिए |

परीक्षा भवन
दिल्ली |
दिनांक- x/xx/2020

प्रबंधक महोदय
स्टेट बैंक, सरजापुरा शाखा
दिल्ली |

विषय – बैंक खाते से आधार कार्ड को जोड़ने हेतु |

महोदय,

आपसे निवेदन है कि मैंने दो साल पहले आपकी बैंक में खाता खुलवाया था | उस समय मेरा आधार कार्ड नहीं बन पाया था | अब मेरा आधार कार्ड बन गया है और आधार संख्या – XXXX है |

अतः आपसे निवेदन है कि मेरे आधार कार्ड को मेरे बैंक खाते YYYYY के साथ जोड़ दिया जाए |

धन्यवाद
भवदीय
क ख ग

# गृह-कार्य

1) आपकी परीक्षाएं समीप हैं, परंतु आपके क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति में कटौती होती रहती है | इस समस्या पर विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखिए |

2) आपके क्षेत्र में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है | वन विभाग को शिकायत करते हुए पत्र लिखिए |

SNS Academy
A Fingerprint School

Affiliated to Central Board of Secondary Education(CBSE), Delhi.

शिखा माथुर